हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 31 मार्च, 2016/11 चैत्र,1938 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 5

नई मुसाबी

1310 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि देहरा तहसील के टीका राहण मौजा खैरियां (उप-तहसील हरिपुर) के गांव की मुसाबी अक्स/मोमी परत 1911-12 आदि उपलब्ध नहीं है फलस्वरूप यहां के निवासियों की राजस्व कार्य दुरूस्ती, भूमि निशानदेही कार्य करवाने में कठिनाई आ रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या वर्ष 1975-76 में बन्दोवस्त बिना पुरानी मुसाबी (1911-12) के हुआ; और

(ग) टीका राहण के लोगों को क्या बन्दोवस्त के उपरान्त तैयार नई मुसाबी मान्य है; यदि नहीं, तो कारण?

जीप योग्य सड़क

1311 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग ने कितनी

नई जीप योग्य सड़कें बनाई और उन पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा सड़कवार दें;

(ख) इनमें से कितनी सड़कों पर जीप/छोटे वाहनों का आवागमन हो रहा है और कितनी सड़कें बन्द पड़ी हैं; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(ग) विभाग द्वारा इन सड़कों के रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई ; ब्यौरा दें?

हैण्डपम्पों की स्थापना

1312 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने हैण्डपम्प कहां-कहां लगाये गए; ब्यौरा ग्राम पंचायतवार, वर्षवार दें;

(ख) इनमें से कितने कार्य कर रहे हैं और कितने बन्द हैं; ब्यौरा पंचायतवार, वर्षवार दें; और

(ग) सरकार बन्द पड़े हैण्डपम्पों को पुनः चालू करने के लिए क्या पग उठा रही है?

आवास निर्माण

1313 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में जिला कुल्लू के चारों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत आवास निर्माण के कितने मामले OBC, SC, ST के स्वीकृत किए गए; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार व वर्गवार दें; और

(ख) इस वित्तीय वर्ष में कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा प्रत्येक श्रेणी का विधान सभा क्षेत्रवार दें?

मध्य हिमालय जलागम विकास परियोजना

1314 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में मध्य हिमालय जलागम विकास परियोजना में कितने कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी और अनुबंध आधार पर कार्यरत हैं; ब्यौरा जिलावार नाम सहित दें;

(ख) यह कर्मचारी कितने समय से मध्य हिमालय जलागम विकास परियोजना में सेवाएं दे रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या इन कर्मचारियों को परियोजना की अवधि समाप्त होने के पश्चात वन विभाग या अन्य विभाग में समायोजित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 15 मार्च, 2016. **सचिव।**